ई-ऑफिस पत्रावली संख्या-9-5002(002)/237/2024
संख्या-452/2024/नौ-5-2024/001-Comp. No. 1871950-NP

प्रेषक,

कल्याण बनर्जी,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

अधिशासी अधिकारी,
नगर पंचायत, दुदही (कुशीनगर), फाजिलनगर (कुशीनगर), सेवरही (कुशीनगर), लार (देवरिया), मझौलीराज (देवरिया), भलुअनी (देवरिया), भारतगंज (प्रयागराज), फतेहगंज (पं0)(बरेली), गैसडी(बलरामपुर), बभनान बाजार (बस्ती), पाली (ललितपुर), बढ़नी बाजार (सिद्धार्थनगर)।

नगर विकास अनुभाग-5 **लखनऊ : दिनांक 04 दिसंबर, 2024**

विषयः- वित्तीय वर्ष 2024-25 में नगरीय झील/तालाब/पोखर संरक्षण योजना के अन्तर्गत नगर पंचायतों में स्थित तालाबों के सौन्दार्यीकरण कार्य हेतु प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रथम किश्त की धनराशि अवमुक्त किये जाने के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक के संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में नगरीय झील/पोखर/तालाब संरक्षण योजना के अन्तर्गत नगर पंचायत, दुदही (कुशीनगर), फाजिलनगर (कुशीनगर), सेवरही (कुशीनगर), लार (देवरिया), मझौलीराज (देवरिया), भलुअनी (देवरिया), भारतगंज (प्रयागराज), फतेहगंज (पं0)(बरेली), गैसडी(बलरामपुर), बभनान बाजार (बस्ती), पाली (ललितपुर), बढ़नी बाजार (सिद्धार्थनगर) में स्थित तालाबों/पोखरों के सौन्दर्यीकरण कार्यो हेतु संलग्न विवरण के अनुसार रू**0 519.68 लाख** की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृत प्रदान करते हुए प्रथम किश्त के रूप में रू**0 248.93 लाख (रुपये दो करोड़ अड़तालीस लाख तिरानबे हजार मात्र)** की धनराशि निम्नलिखित शर्तो/ प्रतिबन्धों के अधीन अवमुक्त किये जाने पर राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

<u>नियम व शर्ते / प्रतिबन्धों</u>

1. स्वीकृत धनराशि के आहरण हेतु निकाय द्वारा प्रस्तुत बिल संबंधित जनपद के जिलाधिकारी/सक्षम अधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित किया जायेगा, जिसे संबंधित जनपद के मुख्य कोषाधिकारी/ कोषाधिकारी द्वारा निकायों के खाते में सीधे जमा किया जायेगा। उक्त के अतिरिक्त आहरित धनराशि किसी अन्य बैंक/डाकघर/पी.एल.ए./डिपाजिट खाते में नहीं रखी जायेगी। यह कार्यवाही शीर्ष प्राथमिकता पर सम्पादित की जायेगी तथा निकाय द्वारा बीजक प्रस्तुत किये जाने की तिथि से तीन दिवस के अन्दर धनराशि निकाय के खाते में अन्तरित कर दी जायेगी।
2. स्वीकृत धनराशि निर्धारित अवधि में उन्हीं कार्यो पर व्यय की जायेगी, जिसके लिए स्वीकृत की गयी है।
3. योजनान्तर्गात शासनादेश संख्या-66/2016/1120/नौ-5-2016-42बजट/2016 दिनांक 17 मई, 2016 द्वारा निर्गत दिशा-निर्देशों का अनुपालन कराया जायेगा।
4. प्रश्नगत कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व प्रायोजना पर सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जाय तथा सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने तथा नियमानुसार समस्त आवश्यक वैधानिक अनापत्तियाँ एवं पर्यावरणीय क्लियरेन्स सक्षम स्तर से प्राप्त करके ही निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जाय।
5. कार्य की विशिष्टियां, मानक व गुणवत्ता की जिम्मेदारी संबंधित निकाय की होगी तथा निकाय द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा कि कार्य निर्धारित समय सीमा अवधि में ही पूर्ण हो जाय।
6. स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत प्राविधानों/समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जायेगा।

7. प्रश्नशगत धनराशि जिस कार्य/मद में स्वीकृत की जा रही, उसका व्यय प्रत्येक दशा में उसी कार्य/मद में किया जाय। सामग्री/उपकरणों का क्रय वित्तीय नियमों के अनुसार किया जायेगा।
8. स्वीकृत किये जा रहे कार्य की वर्तमान तथा भविष्य में अन्य योजनाओं/कार्यक्रमों में पुनरावृत्ति नहीं की जायेगी। यह भी सुनिश्चित किया जायेगा कि इस कार्य हेतु पूर्व में किसी अन्य स्रोतों से धनराशि स्वींकृत नहीं की गयी है तथा न ही यह कार्य किसी अन्य योजना में सम्मिलित है।
9. कार्यस्थल पर राज्य स्तरीय फोर्स द्वारा नियत 'डिस्पले बोर्ड' पर कार्य का पूर्ण विवरण, कार्यदायी संस्था, कार्य प्रारम्भ होने की संभावित तिथि आदि का उल्लेख किया जायेगा।
10. व्यय की गयी धनराशि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र शासन तथा महालेखाकार, उत्तर प्रदेश प्रयागराज को समयान्तर्गत उपलब्ध कराया जाय।
11. लेबर सेस की धनराशि इस शर्त के अधीन होगी कि श्रम विभाग को उक्त धनराशि का भुगतान किया जायेगा।
12. कार्य की गुणवत्ता का उत्तरदायित्व, संबंधित निकाय के अधिशासी अधिकारी की होगी।
13. वित्तीय मामलों में संबंधित विशिष्ट शर्तो का अनुपालन वित्त नियंत्रक/मुख्य/वरिष्ठ/लेखाधिकारी अथवा सहायक लेखाधिकारी, जैसी भी स्थिति हो, सुनिश्चत करेंगे। यदि निर्धारित शर्तो का किसी प्रकार का विचलन हो, तो संबंधित वित्त, नियंत्रक का दायित्व होगा कि उनके द्वारा मामले की सूचना पूर्ण विवरण सहित वित्त, विभाग को दे दी जाय।
14. इस संबंध में वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या- 1/2024/बी-1-294/दस-2024-231/2024, दिनाँक- 04-मार्च, 2024 द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय रुपये 2,48,93,000 (रुपये दो करोड़ अड़तालीस लाख तिरानबे हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय-व्ययक मे **अनुदान संख्या 037 लेखा शीर्षक** 2217801930700 नगरीय झील / तालाब / पोखर संरक्षण योजना **मानक मद** 35 पूँजीगत परिसम्पत्तियों के सृजन हेतु अनुदान के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय - व्ययक) अनुभाग - 1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या - 1/2024/बी-1-294/दस-2024-231/2024, दिनाँक- 04-मार्च, 2024 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

संलग्नक:यथोक्त।

भवदीय,
04.12.2024
(कल्याण बनर्जी)
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

संख्या-452/2024/नौ-5-2024/001-Comp. No. 1871950-NP, तद् दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1-महालेखाकार(लेखा एवं हकदारी)प्रथम/द्वितीय, उ.प्र. प्रयागराज ।
2-महालेखाकार(लेखा-परीक्षा)प्रथम/द्वितीय, उ.प्र. प्रयागराज ।
3-संबंधित मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश ।
4-संबंधित जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
5-संबंधित कोषाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
6-निदेशक, नगरीय निकाय निदेशालय, उत्तर प्रदेश लखनऊ।
7-वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-9/वित्त (आय-व्यय) अनुभाग-1/2।
8-निजी सचिव, मा0 मंत्री जी, नगर विकास विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
9-गार्ड फाईल/कम्यूटर सेल/सुपर यूजर, नगर विकास विभाग, उ.प्र. शासन।

आज्ञा से,
04.12.2024
(कल्याण बनर्जी)
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

संख्या-452/2024/नौ-5-2024/001-Comp. No. 1871950-NP दिनांक 04 दिसम्बर, 2024

(धनराशि लाख में)

क्र0 सं0	जनपद	निकाय	कार्य का नाम	प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति की धनराशि	प्रथम किश्त के रूप में अवमुक्त धनराशि
1	2	3	4	5	6
1	कुशीनगर	नगर पंचायत, दुदही	वार्ड सं0 2 जयप्रकाश नरायण नगर में काली मंदिर के पास बड़हरा पोखरे का सौन्दर्यीकरण कार्य।	30.00	15.00
2	कुशीनगर	नगर पंचायत फाजिलनगर	वार्ड सं0 06 फाजिलनगर पश्चिमी में छठ घाट के समीप तालाब का सौन्दर्यीकरण कार्य।	39.99	20.00
3	कुशीनगर	नगर पंचायत, सेवरही	वार्ड नं0 10 महावीर नगर में हनुमान मंदिर पोखरे का सौन्दर्यीकरण कार्य।	49.99	20.00
4	देवरिया	नगर पंचायत, लार	नगर पंचायत, लार सीमान्तर्गत बौली वार्ड सीमा पर स्थित पोखरे का सौन्दर्यीकरण कार्य।	38.50	20.00
5	देवरिया	नगर पंचायत, मझौलीराज	वार्ड नं0 10 में राम जानकी मंदिर के पास पोखरे का सौन्दर्यीकरण कार्य।	39.00	20.00
6	देवरिया	नगर पंचायत, भलुअनी	वार्ड नं0 7 में पोखरे का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	39.75	20.00
			वार्ड नं0 7 में पोखरे का प्रकाश व्यवस्था का कार्य।	10.10	5.00
7	प्रयागराज	नगर पंचायत, भारतगंज	वार्ड नं0 7 चिकान में तालाब का सौन्दर्यीकरण (डामर रोड की तरफ का इमबैंकमेंट, रीटेनिंग वॉल, हयूम पाइप, मंदिर का फर्श एवं चबूतरा का टाइलीकरण का कार्य।	35.82	15.93
8	प्रयागराज	नगर पंचायत, भारतगंज	वार्ड नं0 7 चिकान में तालाब का सौन्दर्यीकरण (मंदिर की तरफ घाट का, इमबैंकमेंट का बारादरी का निर्माण एवं खुदाई)	36.51	18.00
9	बरेली	नगर पंचायत, फतेहगंज (पं0)	वार्ड नं0 6 मिटौरा में गाटा सं0 31 में स्थित तालाब का सौन्दर्यीकरण/जीर्णोद्धार कार्य।	39.82	20.00
10	बलरामपुर	नगर पंचायत, गैसडी	वार्ड नं0 8 गुरूद्वारा वार्ड में तालाब के सौन्दर्यीकरण का कार्य।	36.20	15.00
11	बस्ती	नगर पंचायत, बभनान बाजार	वार्ड नं0 5 लोहिया नगर में भटहा तालाब का सौन्दर्यीकरण कार्य।	44.00	20.00
12	ललितपुर	नगर पंचायत, पाली	फूटा तालाब का गहरीकरण एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य।	30.00	15.00
13	सिद्धार्थनगर	नगर पंचायत, बढ़नी बाजार	वार्ड नं0 6 पश्चिम मंदिर में तालाब के पश्चिमी भीटा के सौन्दर्यीकरण का निर्माण कार्य।	50.00	25.00
			योग:-	519.68	248.93

रू0 **248.93** लाख (रुपये दो करोड़ अड़तालीस लाख तिरानबे हजार मात्र)

04.12.2024

(कल्याण बनर्जी)
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

Allotment Grid Report

वित्तीय वर्ष:-2024-2025
आवंटन दिनांक-04/12/2024

प्रेषण संख्या:- 452
आवंटन आदेश संख्या:- 001-452-2024-9-5-2024-001-CN-1871950-NP
अनुदान संख्या:- 37 नगर विकास विभाग(वित्तीय वर्ष 2024-2025 का आवंटन)
लेखाशीर्षक:- 2217 - शहरी विकास(आयोजनेत्तर-मतदेय)
80 - सामान्य
193 - नगर पंचायतों / अधिसूचित क्षेत्र समितियों या उनके समतुल्य निकायों को सहायता
07 - नगरीय झील / तालाब / पोखर संरक्षण योजना

(धनराशि रु. में)

S.No.	अधिकारी/जनपद का नाम		35-पूँजीगत परिसम्पत्तियों के सृजन हेतु अनुदान	योग
1	बरेली-4183-जिलाधिकारी , --01--	वर्तमान प्रगामी	2000000 9701600	2000000 9701600
2	प्रयागराज-4183-जिलाधिकारी , --01--	वर्तमान प्रगामी	3393000 6393000	3393000 6393000
3	बस्ती-4183-जिलाधिकारी , --01--	वर्तमान प्रगामी	2000000 12634000	2000000 12634000
4	देवरिया-4183-जिलाधिकारी , --01--	वर्तमान प्रगामी	6500000 21450000	6500000 21450000
5	ललितपुर-4183-जिलाधिकारी , --01--	वर्तमान प्रगामी	1500000 1500000	1500000 1500000
6	सिद्धार्थनगर-4183-जिलाधिकारी , --01--	वर्तमान प्रगामी	2500000 23723000	2500000 23723000
7	कुशीनगर-4183-जिलाधिकारी , --01--	वर्तमान प्रगामी	5500000 10290000	5500000 10290000
8	बलरामपुर-4183-जिलाधिकारी , --01--	वर्तमान प्रगामी	1500000 6500000	1500000 6500000
	योग	वर्तमान प्रगामी	24893000 92191600	24893000 92191600

महायोग- (वर्तमान आवंटन):- रूपया दो करोड़ अड़तालीस लाख तिरानवे हजार
महायोग- (प्रगामी आवंटन):- रूपया नौ करोड़ इक्कीस लाख इकानवे हजार छ: सौ

(कल्याण बनर्जी)
संयुक्त सचिव